मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मंत्रालय भोपाल

क्रमांक/प्र.स./स्वा/सत्रह/मेडि–तीन/48 भोपाल, दिनांक 31/03/2020

प्रति,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, मध्यप्रदेश शासन।

विषयः–कोरोना वायरस (COVID-19) से संबंधित आई.टी. सेवाओं के प्रदाय के संबंध में।

राज्य शासन के संज्ञान में आया है कि विभिन्न आई.टी. सेवा प्रदाताओं द्वारा विभिन्न विभागों एवं शासकीय एजेंसीज को सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित कार्य यथा एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, मोबाईल एप्लीकेशन आदि के प्रस्ताव प्रेषित किये जा रहे है।

कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन, उनमें दोहराव की स्थिति निर्मित न हो, तथा नागरिकों के मध्य भ्रम उत्पन्न नहीं हो, इस हेतु कोरोना वायरस (COVID-19) प्रबंधन संबंधी आई.टी. कार्यों के निष्पादन के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश की ईकाई मध्यप्रदेश ऐजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नॉलाजी (मैप आई.टी.) को नोडल ऐजेंसी के रूप में नामांकित किया जाता है।

अतः सभी विभाग/शासकीय ऐजेंसी इस संबंध में प्राप्त प्रस्ताव आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया मैप आई.टी. को ceo@mapit.gov.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें। मैप आई.टी. द्वारा तत्काल प्रस्ताव की समीक्षा कर अभिमत सहित संबंधित विभाग/ शासकीय ऐजेंसी को अवगत कराया जाये।

(डॉ. पल्लवी जैन गोविल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

पृ.क्रमांक/प्र.स./स्वा/सत्रह/मेडि–तीन भोपाल, दिनांक /03/2020

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मध्यप्रदेश।
2. वि.क.अ. सह आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मध्यप्रदेश।
3. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अरेरा हिल्स, जेल रोड भोपाल।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मैप आई.टी. को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग